पंचदश बिहार विधान सभा

द्वादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 शुक्रवार, दिनांक- 14 फरवरी, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक ।

[1] माननीय अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-

यथा संलग्न ।

[2] महामहिम राज्यपाल का संदेश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नलिखित संदेश से सदन को अवगत कराया-

''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 खंड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, डा० डी०वाई० पाटील, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को दिनांक 14 फरवरी, 2014 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।''

[3] महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण :-

सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से सह समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने का अनुरोध किया ।

तदुपरांत महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

(महामहिम राज्यपाल के सदन से जाने के पश्चात्)

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया

[4] अध्यक्षीय घोषणा :-

आसन से घोषणा की गई कि बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 66 (1) के परन्तुक के अधीन मुझे सदन को सूचित करना है कि पंचदश बिहार विधान सभा की मा० सदस्या श्रीमती परवीन अमानुल्लाह, स०वि०स०, क्षेत्र सं० 145, साहेबपुर कमाल ने दिनांक 05.02.2014 को सदन से अपने स्थान का त्याग कर दिया है ।

[5] <u>अध्यासी सदस्यों का मनोनयन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश विधान सभा के द्वादश सत्र के लिए निम्नांकित सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह

(ii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी

(iii) श्रीमती रेणु देवी, क्षेत्र सं०-08

(iv) श्रीमती गुड्डी देवी

[6] <u>कार्यमंत्रणा समिति का गठन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	-	सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, सदन नेता	-	सदस्य
(iii)	श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष	-	सदस्य
(iv)	श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, संसदीय कार्य मंत्री	-	सदस्य
(v)	श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री	-	सदस्य
(vi)	श्री नंद किशोर यादव, नेता विरोधी दल	-	सदस्य
(vii)	श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०	-	सदस्य
(viii)	श्री श्रवण कुमार, मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल	-	सदस्य

<u>विशेष आमंत्रित सदस्य</u>

(i) श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०

(ii) श्री चन्द्र मोहन राय, स०वि०स०

(iii) श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स०

(iv) श्री जाकिर हुसैन खान, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[7] <u>आर्थिक सर्वेक्षण का सदन पटल पर रखा जाना</u> :-

माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वर्ष 2013-14 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[8] <u>अनुमत विधेयकों का सभा पटल पर रखा जाना</u> :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित तथा एकादश सत्रोपरांत महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमत विधेयकों का निम्न विवरणी सदन में पढ़ी गयी:-

क्रमांक	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
1.	बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2013	17.12.2013
2.	बिहार प्रत्यायोजित विधान उपबंध विधेयक, 2013	27.12.2013
3.	बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2013	27.12.2013

[9] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

(i) स्व० दामोदर सिंह, स०वि०स०
(ii) स्व० हरिहर महतो, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(iii) स्व० प्रशांत कुमार घोष, पूर्व सांसद
(iv) स्व० दुलारचन्द सिंह, पूर्व स०वि०स०
(v) स्व० धनंजय महतो, पूर्व स०वि०स०
(vi) स्व० पीताम्बर पासवान, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(vii) स्व० रामकरण सहनी, , पूर्व स०वि०प०
(viii) स्व० सीताराम सिंह, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(ix) स्व० गनौरी प्रसाद सिंह, पूर्व स०वि०स०
(x) स्व० सुधीर महतो, पूर्व स०वि०स०
(xi) स्व० शशि कुमार राय, पूर्व स०वि०स०
(xii) स्व० शंकर दयाल सिंह, पूर्व स०वि०प०
(xiii) स्व० देवचन्द्र झा, पूर्व स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बंधित शोकाकुल परिवारों के पास भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-17 फरवरी, 2014 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-14.02.2014

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।